रौल नं०.....नाम परीक्षार्थी.....

IX-30 अर्द्धवार्षिक परीक्षा सन् 2024–25 ई० A

चित्रकला

समय – 2½ घण्टा कक्षा – 9 पूर्णांक –100

नोट :– इस प्रश्न–पत्र में तीन खण्ड हैं, जिनमें से दो खण्ड करने अनिवार्य हैं।

(बहुविकल्पीय प्रश्न)

खण्ड–क

निम्न प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर–पुस्तिका में लिखिए :–

1. प्राचीनकला में मनुष्य ने चित्रों की रचना किससे की थी :– 1
   (क) खड़िया (ख) गेरू
   (ग) कोयला (घ) उपर्युक्त सभी से।
2. अजन्ता की कुल कितनी गुफाएँ है :– 1
   (क) 21 (ख) 27
   (ग) 18 (घ) 30
3. प्राइमरी रंग कौन–कौन से होते हैं :– 1
   (क) हरा, नीला, लाल (ख) लाल, नीला, पीला
   (ग) काला, नीला, सफेद (घ) हरा, पीला, लाल।
4. जोगीमारा की गुफा–मण्डप कहाँ स्थित हैं :– 1
   (क) उत्तर प्रदेश में (ख) मध्य प्रदेश में
   (ग) राजस्थान में (घ) कर्नाटक में।
5. समबाहु त्रिभुज का प्रत्येक कोण कितने अंश का होता है :– 1
   (क) 30^0 (ख) 45^0
   (ग) 180^0 (घ) 360^0
6. मुगलकाल की चित्रकला किसके शासनकाल में अपनी पराकाष्ठा पर थी :– 1
   (क) अकबर (ख) जहाँगीर
   (ग) शाहजहाँ (घ) औरंगजेब।
7. वारली लोककला किस राज्य में स्थित है :– 1
   (क) मध्य प्रदेश (ख) राजस्थान
   (ग) महाराष्ट्र (घ) गुजरात।
8. मिर्जापुर क्षेत्र की परिवर्ती चित्रकारी की समय–सीमा मानी गई है :– 1
   (क) 3000 ई. पू. (ख) 5000 ई.पू.
   (ग) 6000 ई. पू. (घ) 2000 ई. पू.।
9. 'हिमालय से' कविता किस काव्य–कृत में संकलित है :– 1
   (क) नीहार में (ख) यामा में
   (ग) हिमालय में (घ) सान्ध्यगीत में।
10. कालिदास ने निम्न में से किस ग्रन्थ की रचना की :– 1
    (क) हर्ष चरित्र सागर (ख) कादम्बरी
    (ग) मेघदूत (घ) अर्थशास्त्र।
11. इन्द्रधनुष में कितने रंग होते हैं :– 1
    (क) 4 (ख) 7
    (ग) 8 (घ) 10

(पृष्ठ पलटिए)